ए शयन गेम्स में आशी का सटीक निशाना, भारत के खाते में रजत

मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की आशी चौकसे ने **50** मीटर राइफल **3** पोजिशन टीम इवेंट में जीता सल्वर तिलोत्तमा सेन और वदरसा के. वनोद के साथ भारतीय टीम ने **1763** अंक अर्जित कर हा सल कया दूसरा स्थान ए शयन गेम्स में आशी ने लगातार दूसरी बार **50** मीटर राइफल **3** पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम कया

भोपाल | 26 सतंबर 2026

ए शयन गेम्स 2026 में मध्यप्रदेश की प्रतिभावान निशानेबाज एवं मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खलाड़ी आशी चौकसे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को रजत पदक दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। नागोया में आयोजित महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम स्पर्धा में आशी चौकसे, तिलोत्तमा सेन और वदरसा के. वनोद की भारतीय टीम ने कुल 1763 अंक अर्जित कर दूसरा स्थान हा सल कया। चीन ने 1773 अंकों के साथ स्वर्ण तथा कजा कस्तान ने 1754 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता।

आशी ने **585** अंक के साथ टीम की पदक जीत में दिया अहम योगदान

50 मीटर राइफल 3 पोजिशन की क्वा ल फकेशन स्पर्धा में आशी चौकसे ने 585 अंक अर्जित कए। उन्होंने नी लंग पोजिशन में 196 और प्रोन पोजिशन में शानदार 199 अंक हा सल कए। स्टैं डंग पोजिशन में 93 और 97 की सीरीज के साथ उन्होंने टीम के कुल स्कोर को मजबूत आधार दिया। आशी व्यक्तिगत फाइनल में स्थान नहीं बना सकीं, ले कन उनका स्कोर भारतीय टीम के संयुक्त 1763 अंकों में महत्वपूर्ण रहा।

**2017** में शुरू हुआ सफर, अंतरराष्ट्रीय मंच पर बनाई पहचान

भोपाल में जन्मीं आशी चौकसे ने वर्ष 2017 में कक्षा 9वीं के दौरान नेशनल कैडेट कोर के माध्यम से शूटिंग की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में प्र शक्षण प्राप्त कया। कोच सुमा शरूर और वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में आशी ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। वर्ष 2022 में उन्होंने बाकू ISSF वर्ल्ड कप में मक्स्ड टीम इवेंट में स्वर्ण पदक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियो गताओं में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हा सल कीं।

ए शयन गेम्स में लगातार दूसरी बड़ी उपलब्धि

आशी चौकसे ने इससे पहले वर्ष 2023 के हांगझोऊ ए शयन गेम्स में भी 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन टीम इवेंट में रजत पदक और व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य पदक हा सल कया था। अब 2026 ए शयन गेम्स में एक बार फर इसी स्पर्धा की टीम में रजत पदक जीतकर उन्होंने ए शयाई खेलों में अपनी निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन को साबित कया है।

खेल मंत्री श्री वश्वास कैलाश सारंग ने दी बधाई

सहकारिता,खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री वश्वास कैलाश सारंग ने आशी चौकसे को ए शयन गेम्स में रजत पदक जीतने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा क मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी की खलाड़ी आशी चौकसे ने अपने शानदार प्रदर्शन से प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश के युवा खला ड़यों के लए प्रेरणादायी है। मंत्री श्री सारंग ने आशी चौकसे के उज्ज्वल भ वष्य की कामना करते हुए आगामी प्रतियो गताओं के लए शुभकामनाएं प्रे षत कीं।


IND

